## खास-खबरें

### कलेक्टर ने सार्वजनिक वाचनालय-पुस्तकालय का किया निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने नगर के तिलक चैक स्थित सार्वजनिक वाचनालय एवं पुस्तकालय का निरीक्षण कर वहां की व्यवस्थाओं की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान उन्होंने पुस्तकालय में उपलब्ध सुविधाओं, स्वच्छता व्यवस्था तथा पाठकों के लिए बनाए गए अध्ययन वातावरण का अवलोकन किया। उन्होंने अधिकारियों एवं संबंधित कर्मचारियों को निर्देश दिए कि पुस्तकालय में आने वाले विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं तथा अन्य पाठकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने पुस्तकालय परिसर की नियमित साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, बैठने की सुविधाओं के रखरखाव तथा अध्ययन के अनुकूल शांत वातावरण बनाए रखने पर विशेष बल दिया। साथ ही पुस्तकालय में उपलब्ध पुस्तकों और संदर्भ सामग्री को सुव्यवस्थित रखने तथा आवश्यकतानुसार नई पुस्तकों की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए।

### महाकाल मंदिर पहुंचे क्रिकेटर युजवेंद्र चहल, भस्म आरती में हुए शामिल



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, उज्जैन:** भारतीय क्रिकेट टीम के स्टार लेग स्पिनर युजवेंद्र चहल शुक्रवार तड़के उज्जैन स्थित विश्व प्रसिद्ध श्री महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर पहुंचे, जहां उन्होंने बाबा महाकाल की भस्म आरती में शामिल होकर दर्शन-पूजन किया। चहल करीब दो घंटे तक नंदी हॉल में बैठकर भस्म आरती के साक्षी बने। उन्होंने विधि-विधान से दर्शन कर नंदी महाराज का पूजन किया और चांदी द्वार से जल अर्पित किया। मंदिर प्रबंध समिति ने उनका सम्मान भी किया। चहल ने कहा कि यह उनका पहला भस्म आरती अनुभव था, जिसे शब्दों में व्यक्त नहीं किया जा सकता। उन्होंने मंदिर प्रशासन की व्यवस्थाओं की सराहना की।

### ग्राहक की तलाश में था बाइक चोर पुलिस ने बेचने से पहले दबोचा



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, भैरूंदा:** चोरी की मोटरसाइकिल को बेचने के लिए ग्राहक तलाश रहे एक युवक को भैरूंदा पुलिस ने गिरफ्तार कर चोरी का खुलासा किया है। आरोपी ने करीब दो माह पहले चोरी की गई बाइक को सर्वमंगलम गार्डन के सामने एक कॉम्प्लेक्स के पीछे छिपाकर रखा था, जहां से पुलिस ने उसे बरामद कर लिया। पुलिस के अनुसार सर्वरा कॉलोनी निवासी राहुल पंवार की हीरो होंडा मोटरसाइकिल 23 अप्रैल की रात अतरालिया मंडी जोड़ क्षेत्र से चोरी हो गई थी। सीहोर पुलिस अधीक्षक श्रीमती सोनाक्षी सक्सेना के निर्देश पर गठित टीम ने सीसीटीवी फुटेज और मुखबिर सूचना के आधार पर संदेही अभिषेक मीणा (19) निवासी ग्राम बिजला को हिरासत में लेकर पूछताछ की। पूछताछ में आरोपी ने चोरी करना स्वीकार कर लिया।आरोपी की निशानदेही पर सर्वमंगलम गार्डन के सामने परिसर के पीछे छिपाकर रखी गई हीरो होंडा डीलक्स मोटरसाइकिल (कीमत लगभग 60 हजार रुपये) बरामद की गई।

### जिला चिकित्सालय का कलेक्टर ने किया आकस्मिक निरीक्षण



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, विदिशा:** कलेक्टर अंशुल गुप्ता ने प्रात:काल श्रीमंत माधवराव सिंधिया शासकीय जिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर चिकित्सालय में संचालित स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का गहन अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ओपीडी कक्ष सहित विभिन्न विभागों का सूक्ष्म निरीक्षण कर रोगियों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं की गुणवत्ता की समीक्षा की।

### संतों के सम्मान और धार्मिक आयोजनों की व्यवस्था पर 'संत आचार संहिता एवं मार्गदर्शिका' पुस्तक का विमोचन



**नईदुनिया, प्रतिनिधि, रतलाम:** संत-महात्माओं के सम्मानजनक व्यवहार और धार्मिक आयोजनों की सुव्यवस्थित व्यवस्थाओं को लेकर तैयार की गई 'संत आचार संहिता एवं मार्गदर्शिका' पुस्तक का विमोचन शुक्रवार को पट्टाभिषेक कार्यक्रम में संत-महात्माओं की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। श्री सनातन धर्म सभा एवं महारूद्र यज्ञ समिति द्वारा रचित इस पुस्तक का विमोचन अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष श्री 1008 महंत रविंद्र पुरी जी महाराज ने किया। उन्होंने कहा कि पुस्तक में धार्मिक आयोजनों में आमंत्रित साधु-संतों के प्रति अपेक्षित सम्मान, व्यवहार और व्यवस्थाओं का विस्तृत एवं व्यावहारिक उल्लेख किया गया है, जो वर्तमान पीढ़ी के लिए आवश्यक जानकारी है। इस अवसर पर चारधाम आश्रम उज्जैन एवं निरंजनी अखाड़ा के महामंडलेश्वर स्वामी शांति स्वरूपानंद जी महाराज ने कहा कि संत-महात्माओं के आमंत्रण, स्वागत-सम्मान, आगमन-प्रस्थान, आवास, भोजन सहित अन्य व्यवस्थाओं के बेहतर संचालन के लिए यह आचार संहिता एवं मार्गदर्शिका उपयोगी साबित होगी।

# उज्जैन में केंद्रीय नेतृत्व का महामंथन, स्वच्छता और बिजली सुधार का नया रोडमैप



**नईदुनिया प्रतिनिधि, उज्जैन:** उज्जैन के प्रशासनिक संकुल भवन में केंद्रीय ऊर्जा एवं आवास शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल खट्टर और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की मौजूदगी में उच्च स्तरीय बैठक आयोजित हुई। बैठक में प्रदेश के पावर सेक्टर और शहरी विकास के लिए नए रोडमैप का खाका तैयार किया गया। सिंहस्थ 2028 को ध्यान में रखते हुए उज्जैन में स्वच्छता, स्वास्थ्य और बुनियादी ढांचे को उच्चतम मानकों पर ले जाने का निर्णय लिया गया।

स्वच्छता के क्षेत्र में इंदौर मॉडल को राष्ट्रीय स्तर पर लागू करने की तैयारी की गई। उज्जैन के कायाकल्प और शहर के बुनियादी ढांचे के सुधार के लिए 106 करोड़ रुपये की स्वीकृति प्रदान की गई। बैठक में कैबिनेट मंत्री कैलाश विजयवर्गीय, प्रद्युम्न सिंह तोमर और प्रतिमा बागरी भी उपस्थित रहे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार केंद्र के साथ मिलकर विकास कार्यों में तेजी ला रही है। बिजली वितरण को आधुनिक बनाने के लिए प्रदेश में स्मार्ट मीटर लगाने की योजना बनाई गई है। पूरे देश में 20 करोड़ मीटर लगाए जाएंगे, जिसमें मध्य प्रदेश को 1 करोड़ मीटर का कोटा मिला है। बिजली बिलों की विसंगतियों और वितरण की समस्याओं को दूर करने के लिए प्रीपेड मीटर का उपयोग किया जाएगा। सबसे पहले सभी शासकीय विभागों में मीटर लगाए जाएंगे, फिर औद्योगिक इकाइयों को प्राथमिकता दी जाएगी।

शहर के विकास में मेट्रो पॉलिटिक्स की नई अवधारणा को जोड़ा गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना के तहत उज्जैन में अत्याधुनिक सड़कें बनाई जाएंगी, जिससे शहर की कनेक्टिविटी विश्वस्तरीय होगी। यह परियोजना सिंहस्थ में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं देने के साथ शहर के सुनियोजित विस्तार और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर तैयार की गई है। इस बैठक के निर्णयों से उज्जैन का शहरी विकास और बुनियादी ढांचा मजबूत होगा, जिससे शहर की स्वरूपता, स्वच्छता और ऊर्जा प्रबंधन में सुधार आएगा।

# प्रधानमंत्री ने पीएम-वीबीआरवाई के तहत 2,400 करोड़ के इंसेंटिव वितरित किए




**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित विशेष कार्यक्रम में प्रधानमंत्री विकसित भारत रोजगार योजना के तहत लगभग 2,400 करोड़ के इंसेंटिव वितरित किए। इस अवसर पर केंद्रीय श्रम, रोजगार एवं युवा मामले और खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया, श्रम एवं एमएसएमई राज्य मंत्री शोभा करंदलाजे और श्रम मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे। देशभर में लगभग 200 स्थानों पर इस कार्यक्रम का समन्वित आयोजन किया गया।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि पीएम-वीबीआरवाई केवल रोजगार योजना नहीं, बल्कि पहली नौकरी पाने वाले युवाओं के लिए आशाओं को मजबूत करने और उद्योग तथा कार्यबल के बीच पुल बनाने वाली पहल है। उन्होंने बताया कि अब तक लगभग 70 लाख नई नौकरियां सृजित हुई हैं और इतनी ही संख्या में पहली बार नौकरी करने वाले कर्मचारियों को सोशल सिक्योरिटी में शामिल किया गया। 20 लाख युवाओं ने अपनी पहली नौकरी में छह महीने पूरे किए हैं, जबकि लगभग 10 लाख लाभार्थियों को माइलस्टोन पूरा होने पर इंसेंटिव मिल चुका है। 2,000 करोड़ से अधिक राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जा चुकी है।

कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री ने लाभार्थियों से बातचीत की और उनके अनुभव साझा किए, जिसमें रोज़गार, करियर विकास और सामाजिक सुरक्षा पर योजना के सकारात्मक प्रभावों का उल्लेख था।

डॉ. मनसुख मंडाविया ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में भारत तेजी से विकसित भारत की ओर बढ़ रहा है। उन्होंने चार श्रम कोड के लागू होने को वर्कर्स के लिए सुरक्षा, गरिमा और कल्याण सुनिश्चित करने वाला ऐतिहासिक कदम बताया।

इस अवसर पर संस्कृति थिएटर, भंवरताल में आयोजित कार्यक्रम में मध्य प्रदेश के कैबिनेट मंत्री प्रहलाद पटेल, जबलपुर के महापौर जगत बहादुर सिंह 'अन्नू', अन्य अधिकारी और 73 संस्थानों के नियोक्ता एवं 300 से अधिक नए नियुक्त कर्मचारी उपस्थित थे।

कार्यक्रम में पीएम-वीबीआरवाई के तहत इपीएफओ क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर के अंतर्गत सर्वाधिक रोजगार सृजन करने वाले नियोक्ता ने पांच कर्मचारियों को औपचारिक नियुक्ति पत्र प्रदान किए। आंचलिक कार्यालय मध्य प्रदेश एवं छत्तीसगढ़ में 19 जून 2026 को 34,610 लाभार्थियों को 17.08 करोड़ और 2,476 संस्थानों को ?44.11 करोड़ का प्रोत्साहन उनके पैन-लिंक्ड बैंक खातों में जारी किया गया।

कार्यक्रम में नियोक्ताओं और युवाओं ने योजना के महत्व और आर्थिक तथा पेशेवर सहयोग पर अपने विचार साझा किए। प्रधानमंत्री ने इस योजना को युवाओं के परिश्रम और उज्ज्वल भविष्य के प्रति सरकार का विश्वास बताया।

पीएमवीबीआरवाय ने रोजगार सृजन के साथ-साथ युवा कर्मचारियों और संस्थानों के बीच मजबूत संबंध स्थापित कर देश में आर्थिक एवं सामाजिक विकास की दिशा में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

## महाराणा प्रताप जयंती पर भव्य शोभायात्रा व मूर्ति का अनावरण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप जी की जन्म जयंती के अवसर पर सीहोर में भव्य शोभायात्रा एवं महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा का विधिवत अनावरण किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजजन, जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा युवा नेता कार्तिकेय सिंह चौहान व अतिथि के रूप में मध्यप्रदेश शासन के राजस्व मंत्री करण सिंह वर्मा, विधायक सुदेश राय,नरेश मेवाड़ा जी,रवि मालवीय, विशेष अतिथि प्रिंस राठौर, गहलोत मेवाड़ राजपूत समाज के केंद्रीय अध्यक्ष केदार सिंह मंडलोई, युवा परिषद के केंद्रीय अध्यक्ष राजेंद्र सिंह मंडलोई, क्षेत्रीय अध्यक्ष नारायण सिंह पटेल तथा क्षेत्रीय युवा अध्यक्ष दिनेश मेवाड़ा उपस्थित रहे।

चलसमारोह का आयोजन योगेश राजपूत, ठाकुर सिंह राजपूत एवं मुकेश मेवाड़ा (पार्षद एवं स्वास्थ्य सभापति, नगर पालिका परिषद सीहोर) के नेतृत्व में किया गया। शोभायात्रा नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली गई, जिसमें समाजजनों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जगह-जगह पुष्पवर्षा कर शोभायात्रा का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने महाराणा प्रताप जी के अदम्य साहस, राष्ट्रभक्ति, स्वाभिमान एवं त्यागमय जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके आदर्शों पर चलने का आह्वान किया। अंत में आयोजक नगर पालिका परिषद सीहोर व गहलोत मेवाड़ राजपूत समाज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, समाजजनों, प्रशासन, पुलिस विभाग एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया।

### जिला अस्पताल के नवनिर्मित क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का एसीएस और एमडी ने किया निरीक्षण



**नईदुनिया प्रतिनिधि, देवास:** जिस चिकित्सालय में समय पर डॉक्टर तो दूर स्टाफ तक नहीं आता था वहां पर आधे घंटे पूर्व ही प्रशासनिक अधिकारी से लेकर पूरा स्वास्थ्य विभाग अपनी वेशभूषा में मौजूद हो और खासकर चकाचक साफ सफाई और व्यवस्था देख आम रोगी यही कह रहा था कि आज कोई बड़े साहब आ रहे हैं तो बात सही भी है मध्य प्रदेश के अपर मुख्य सचिव (स्वास्थ्य) अशोक वर्णवाल एवं राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) की प्रबंध संचालक सलोनी सिडाना ने शुक्रवार को जिला अस्पताल पहुंचकर नवनिर्मित क्रिटिकल केयर हेल्थ ब्लॉक का निरीक्षण किया। इस दौरान कलेक्टर ऋतुराज सिंह सहित स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने क्रिटिकल केयर यूनिट के विभिन्न कक्षों, आईसीयू, ऑपरेशन थिएटर और ब्लड बैंक डोनर रूम का जायजा लिया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि अस्पताल में विकसित की जा रही सुविधाएं मरीजों की जरूरतों और सुविधा को ध्यान में रखकर तैयार की जाएं।

अपर मुख्य सचिव अशोक वर्णवाल ने ऑपरेशन थिएटर की गुणवत्ता बनाए रखने तथा वहां स्थापित उपकरणों और लाइटिंग व्यवस्था को उच्च मानकों के अनुरूप रखने के निर्देश दिए। उन्होंने आईसीयू यूनिट का निरीक्षण कर आवश्यक व्यवस्थाओं की जानकारी ली।

निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने निर्देशित किया कि क्रिटिकल केयर ब्लॉक को जिला अस्पताल के मुख्य भवन से 7 से 15 दिनों के भीतर अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए, ताकि मरीजों को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध हो सकें।

उन्होंने अस्पताल में उपलब्ध कराई गई सामग्री एवं उपकरणों का गुणवत्तापूर्ण उपयोग सुनिश्चित करने, प्रत्येक कक्ष का उद्देश्य के अनुरूप उपयोग करने तथा भवन की सीढ़ियों को मरीजों की सुविधा के अनुसार विकसित करने के निर्देश भी दिए।

### विवाह पूर्व रक्त की कुंडली का मिलान आवश्यक : डॉ. जैन

**विदिशा।** विश्व सिकल सेल एनीमिया दिवस के उपलक्ष्य में आईएपी विदिशा द्वारा सिकल सेल उन्मूलन की योजना के अंतर्गत विदिशा मेडिकल कॉलेज के शिशु विभाग के सभागार में आयोजित संगोष्ठी में बोलते हुए आईएपी विदिशा के अध्यक्ष एवं आईएपी के केंद्रीय कार्य कार्यकारिणी के सदस्य डॉ एम के जैन ने बताया कि सिकल सेल एनीमिया की बीमारी एक अनुवांशिक घातक रोग है जो बच्चों को उनके माता पिता द्वारा जन्म से ही विरासत में मिलती है। इस रोग की रोकथाम के लिए विवाह के पूर्व रक्त की कुंडली अवश्य मिलानी चाहिए तथा वर और वधू दोनों के बीमारी के वाहक होने पर विवाह नहीं करना चाहिए। इस रोग से पीड़ित बच्चोंञ्चव्यक्तियों को अत्यधिक खून की कमी के लक्षण मिलते हैं, आयु के अनुरूप विकास नहीं होना, बार बार बीमार हो जाना, थकान बनी रहना, खेलने ,कूदने और पढ़ने में मन नहीं लगना, हाथ पैर और जोड़ो में दर्द बना रहना, पेट फूला रहना, पेट में तेज दर्द होना, सांस लेने में तकलीफ़ होना, शरीर अत्यधिक सफेद होना, बार बार पीलिया होना, लकवा, पैरालिसिस होना आदि हो सकता है ऐसे रोगियों को शंकास्प्रद मानते हुए सिकल सेल रोग की जाँच रोगियों और उनके माता पिता की करवानी चाहिए।

## संजीवनी क्लिनिक के घटिया निर्माण को देख भड़कीं कलेक्टर, इंजीनियर से होगी पाई-पाई की वसूली



**नईदुनिया प्रतिनिधि, शाजापुर:** सरकारी योजनाओं के नाम पर मलाई काटने वाले जिम्मेदारों की अब शाजापुर में खैर नहीं है। 22.44 लाख रुपए की मोटी रकम खर्च करने के बाद भी जब मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का भवन बीमार और घटिया नजर आया, तो कलेक्टर ऋजु बाफना का पारा सातवें आसमान पर पहुंच गया।

उन्होंने दो टूक कह दिया कि सरकारी पैसे की इस बर्बादी का खामियाजा सीधे नगर पालिका के इंजीनियर को भुगतना होगा। शुक्रवार को कलेक्टर ऋजु बाफना शहर के वार्ड नंबर 27 ज्योति नगर में नवनिर्मित मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का औचक निरीक्षण करने पहुंची थीं। उम्मीद थी कि जनता को एक सर्वसुविधायुक्त और मजबूत स्वास्थ्य केंद्र मिलेगा, लेकिन मौके पर नजारा बिल्कुल उलट था। भवन के निर्माण को देखते ही कलेक्टर समझ गईं कि ठेकेदार और इंजीनियर की मिलीभगत से गुणवत्ता को ताक पर रखकर जमकर मापदंडों की धज्जियां उड़ाई गई हैं।

**कलेक्टर की दो टूक- मापदंडों से समझौता बर्दाश्त नहीं:** निरीक्षण के दौरान घटिया निर्माण को देखकर कलेक्टर ने मौके पर मौजूद नगर पालिका के इंजीनियर की जमकर क्लास लगाई। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि विकास कार्यों में गुणवत्ताहीन काम किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। मामले में त्वरित एक्शन लेते हुए कलेक्टर बाफना ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य को सख्त निर्देश दिए हैं।

उन्होंने कहा कि तत्काल प्रभाव से एक समिति गठित कर पूरे निर्माण कार्य की बारीकी से जांच कराई जाए। जांच के बाद निर्माण में जितनी भी राशि का दुरुपयोग या घटिया काम सामने आएगा, उसकी पूरी वसूली संबंधित नगर पालिका इंजीनियर से की जाए। कलेक्टर के इन तीखे तेवरों और ऑन-द-स्पॉट रिकवरी के आदेश से मौके पर मौजूद अमले में हड़कंप मच गया। इस निरीक्षण के दौरान नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित, डीपीएम शैलेंद्र सोनी और डीएचओ डॉ. दिनेश कुमार गंगोरिया सहित स्वास्थ्य और निकाय विभाग के अन्य अधिकारी मौजूद थे, जिनके सामने निर्माण कार्य की लापरवाही की पोल खुली। प्रशासन की इस कार्रवाई से यह संदेश साफ हो गया है कि अब शहर में गुणवत्ताविहीन निर्माण करने वालों पर सीधी गाज गिरेगी।

#### जांच समिति गठित कर रिकवरी के निर्देश

मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. कमला आर्य को तत्काल प्रभाव से एक समिति गठित कर पूरे निर्माण कार्य की जांच करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने स्पष्ट किया है कि जांच पूरी होने के उपरांत, गुणवत्ताहीन कार्य के लिए जिम्मेदार नगर पालिका इंजीनियर से राशि वसूली की कार्रवाई की जाएगी।

**स्पेशल खबर** 8 अवैध कॉलोनियों को प्रशासन ने किया टारगेट

## आक्सफोड स्कूल के पीछे चार अवैध कालोनियों पर चला बुलडोजर



**नईदुनिया प्रतिनिधि, सीहोर:** शहर में बिना अनुमति और अवैध रूप से काटी जा रही कॉलोनियों के खिलाफ राजस्व महकमे ने अपनी कार्रवाई को और तेज कर दिया है। प्रशासन ने अब तक कार्रवाई करते हुए 8 अवैध कॉलोनियों को टारगेट करते हुए बाउंड्रीवाल-सडक़ों को तोड़ा है। इसी कड़ी में जहां बुधवार को चार अवैध कॉलोनियों पर बुलडोजर चला था, वहीं शुक्रवार को भी हिमांश गार्डन के आगे चाणक्यपुरी में बचपन प्ले स्कूल के बीच स्थित अवैध चार निर्माणों पर कार्रवाई हुई है।

बता दें अवैध कालोनियों पर कार्रवाई की शुरुआत बुधवार से हुई है। प्रशासयनिक अमले ने सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के पास और गणेश मंदिर रोड स्थित अवैध कॉलोनियों में बनी बाउंड्रीवॉल, सडक़ों को जेसीबी की मदद से पूरी तरह ध्वस्त कर दिया है।

**प्रशासन को लगी लालच की भनक:** जमीन के इस अवैध कारोबार में अब एक बहुत बड़े फर्जीवाड़े की बात सामने आई है। सूत्रों के अनुसार प्रशासन को भी पुख्ता भनक लगी है कि कुछ शातिर भूमाफिया निवेशकों को फंसाने के लिए 50 एकड़ जमीन पर काटे जा रहे फार्महाउस को बेचने के लिए सीहोर में मेट्रो रेलवे स्टेशन आने का झूठा और लुभावना लालच दे रहे हैं। मेट्रो के नाम पर करोड़ों रुपये के अवैध फार्म हाउस बेचे जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि प्रशासन ने इस फर्जीवाड़े को बेहद गंभीरता से लिया है और ऐसे लोगों के अवैध साम्राज्य को ढहाने के लिए रणनीति तैयार कर ली है, जिस पर जल्द ही बड़ा एक्शन देखने को मिलेगा।

**नियमों के तहत हुई कार्रवाई, दो दर्जन से अधिक को नोटिस:** तहसीलदार अमित सिंह ने साफ किया कि प्रशासन बिना किसी दबाव या भेदभाव के पूरी तरह नियमों के तहत काम कर रहा है। उन्होंने बताया कि जिन कॉलोनाइजरों के निर्माण बुधवार व शुक्रवार को तोड़े गए हैं, उन्हें पहले ही वैधानिक नोटिस जारी किए गए थे, लेकिन इसके बावजूद उन्होंने अवैध निर्माण कार्य जारी रखा। तहसीलदार ने कहा कि अब तक 8 कॉलोनियों पर सीधा एक्शन लिया जा चुका है और शहर की करीब दो दर्जन अन्य अवैध कॉलोनियों को भी चिन्हित कर नोटिस जारी किए जा चुके हैं। यदि वे तय समय सीमा के भीतर वैध अनुमति के कागजात प्रस्तुत नहीं करते हैं तो उनके खिलाफ भी इसी तरह बिना किसी भेदभाव के बुलडोजर चलाने की सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय कृषि उपज मण्डी समिति**
**रायसेन, जिला-रायसेन (म.प्र.)**
**ई-मेल : apmcraisen2017@gmail.com**
**krishimandiraisen@rediffmail.com**
**क्रमांक/मण्डी/निर्माण/2026-27/206 रायसेन, दिनांक : 16.06.2026**

**निविदा आमंत्रण सूचना**

कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन की उपमण्डी सलामतपुर के प्रांगण में ई-टेण्डरिंग के माध्यम से स्वयं के व्यय पर बिल्ट ऑपरेट एण्ड ट्रांसफर (बी.ओ.टी.) के तहत संरचना की स्थापना एवं संचालन हेतु वार्षिक प्रीमियम के आधार पर निविदा सिस्टम क्रमांक 2026_MPSAM_516129_1 के अंतर्गत ऑनलाइन निविदायें दिनांक 18.06.2026 को समय प्रात: 4.30 बजे से दिनांक 10.07.2026 को शाम 5.30 बजे तक आमंत्रित की जाती है।
निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी निविदाकारों को म.प्र. शासन के ई-निविदा के पोर्टल **https://mptenders.gov.in** पर प्राप्त होगी एवं उक्त निविदा से संबंधित समस्त जानकारी मंडी बोर्ड के पोर्टल **www.mpmandiboard.gov.in** पर भी अवलोकनीय होगी।
**नोट:-** आवश्यक होने पर उपरोक्त निविदा सूचना से संबंधित किसी भी प्रकार की संशोधन सूचना अथवा अन्य जानकारी केवल उपरोक्तानुसार पोर्टल पर प्रदर्शित की जावेगी।

**सचिव**
**कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन**
**जिला-रायसेन**

**भारसाधक अधिकारी**
**कृषि उपज मण्डी समिति रायसेन**
**जिला-रायसेन**

म.प्र. माध्यम/126420/2026